Affiliation By- Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra

# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज,

फिरोजाबाद-283203

## 2021–2022

# मेन्टरिंग एवं काउन्सलिंग प्रकोष्ठ

**डॉ. निर्मला यादव**
(प्राचार्या/अध्यक्षा)

**डॉ. निष्ठा शर्मा**
कोर्डिनेटर
(असिस्टेंट प्रोफेसर–संगीत गायन)

प्रेषक :
प्राचार्या/सचिव

स्थापित वर्ष -1966

Mob.:- 09927855900
☎ 05612- 241393

# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कालेज

फिरोजाबाद- 283 203
Email.ID - mgbvpgcfzd@yahoo.com
Web Site Address - mgbvpgcollege.com
NAAC Accredited : B+Grade

दिनांक : 01/10/2021

पत्रांक :

## परिपत्र

महाविद्यालय के समस्त विभाग के सम्मानित शिक्षकों को सूचित करना है कि सत्र 2021–2022 में मेन्टरिंग एवं काउन्सलिंग प्रकोष्ठ के अन्तर्गत सभी मेन्टर्स अपने मेन्टीज़ का रिकार्ड व्यवस्थित रुप से बनायें।

(डॉ. निर्मला यादव)
Principal
(कार्य.)
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad

(डॉ. निष्ठा शर्मा)
कोर्डिनेटर
मेन्टरिंग एवं काउन्सलिंग प्रकोष्ठ

# मेन्टरिंग एवं काउन्सलिंग प्रकोष्ठ

## कैलेण्डर 2021–22

- नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं एवं अन्य सभी कक्षाओं के प्रवेश में परामर्श तथा विषय चुनाव में मदद।

- कैरियर/कौशल विकास विषय से सम्बन्धित – कार्यक्रम। (दिसम्बर माह)

- छात्राओं के मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं व्यक्तित्व विकास हेतु व्याख्यान। (मार्च माह)

- छात्राओं की मदद (मनोवैज्ञानिक/व्यक्तित्व विकास) हेतु विभागों द्वारा मेन्टर नियुक्त कर रिकार्ड रखना।

# Mentoring and Counseling Cell.

## (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ हेतु आख्या)

- सर्वप्रथम 12 फरवरी 2021 को डा0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय (एसो0प्रो संगीत गायन विभाग, कोर्डिनेटर IQAC) के संयोजन में एक सिम्पोजियम किया गया। शीर्षक था – "Understanding the role of mentor – mentee". मुख्य वक्ता IQAC की अध्यक्षा आदरणीय प्राचार्या महोदया – डा0 निर्मला यादव जी रही।




- नई शिक्षा नीति – 2020 के अन्तर्गत स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के समय छात्राओं को परामर्श दिया गया। विषय चुनाव हेतु उन्हें मदद की गई। मेजर (मुख्य–माइनर विषयों के साथ ही व्यावसायिक पाठ्यक्रम (Vocational Subjects) की जानकारी देते हुये इसकी उपयोगिता और कैरियर में इनके द्वारा प्राप्त रोजगार के अवसरों को समझाया गया। जिससे वो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हों और आत्मनिर्भर हों। इसके अतिरिक्त अन्य सभी कक्षाओं के प्रवेश में परामर्श और उपयुक्त जानकारी दी गई।
- महाविद्यालय में डॉ. तुलसी देवी (ऐसोसिएट प्रोफेसर–संस्कृत) के निर्देशन में 2014–15 बैच के 03 शोधार्थी कार्य कर रहे है। जो निम्न है– 1. पूनम

पचौरी का शोध प्रबन्ध जमा किया जा चुका है। 2. राघवेन्द्र भारद्वाज का शोध प्रबन्ध जमा होने वाला है। 3. श्यामलता गौड का कार्य प्रगति पर है। डॉ0 निष्ठा शर्मा (असिस्टेन्ट प्रोफेसर–संगीत गायन) के निर्देशन में 2018–19 बैच के 04 शोधार्थी जनवरी 2020 में पंजीकृत हुए। निम्न चारो शोध छात्राओं का कार्य निरन्त चल रहा है। 1. संगीता, 2. रेनूबाला, 3. मोना, 04 राधा यादव

महाविद्यालय में पंजीकृत शोधार्थियों को विषय के अन्तर्गत – शीर्षक, Synopsis, लेखन प्रकिया, विषय से संबधित साम्रगी एकत्रित करने तथा शोध प्रबन्ध के लेखन इत्यादि सभी की जानकारी दी गयी एवं निरंतर मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

- प्रकोष्ठ के मुख्य कार्य बिन्दुओं में कैरियर/कौशल विकास विषय से संबधित कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय तथा राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केन्द्र, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14 दिसंबर 2021 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।




कार्यशाला का विषय – "वित्तीय शिक्षण जागरुकता साइबर अपराध के विशेष सन्दर्भ में" था कार्यशाला का संयोजन प्राचार्या डा0 निर्मला यादव जी की अध्यक्षता में चित्रकला विभाग की एसो0प्रो0 और उद्योग अकादमिक

एकीकरण एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ की कोर्डिनेटर डा0 पूनम के द्वारा किया गया।




विषय विशेषज्ञ – SEBI & NCFE के द्वारा ट्रेनर डा0 निर्दोष कुमार और SEBI के श्री अवधेश राजौरिया तथा श्री सुनील कुमार रहे।

- सर्वव्यापी स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित करने के लिये अर्थात् घरों, स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक संस्थानों तथा कार्यस्थलों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के मद्दे नजर दिनांक 06 मार्च 2022 को स्वच्छता पर प्रकोष्ठ की कोर्डिनेटर व NSS की योजनाधिकारी डा0 निष्ठा शर्मा के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम किया गया।



स्वच्छता और स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण संबध है। अतः स्वच्छता कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिये ये कार्यक्रम मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। क्योंकि महाविद्यालय में शहर और ग्रामीण दोनो परिवेश की छात्रायें अध्ययन करती है; अतः इस तरह की गतिविधि के ज़रिये स्वच्छता स्तरों को उन्नत बनाना है तथा स्वास्थ्य का ध्यान रखना है।



• दिनांक 28 मार्च 2022 को प्राचार्या डा0 निर्मला यादव की अध्यक्षता में प्रकोष्ठ की कोर्डिनेटर डा0 निष्ठा शर्मा के संयोजन तथा सदस्य कु0 रीता दीक्षित, डा0 राज्यश्री मिश्रा तथा डा0 सीमा शर्मा के द्वारा "जीवन कौशल एवं व्यक्तित्व विकास" शीर्षक पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया।




मुख्य वक्ता आर0बी0एस0 कालेज, आगरा की असि0प्रो0 तथा डा0 बी0आर0 आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के "मेन्टरिंग एवं काउन्सलिंग प्रकोष्ठ" की सदस्या डा0 पूनम रहीं।






- महाविद्यालय के सभी विभागों के शिक्षकों (मेन्टर्स) द्वारा छात्राओं की प्रतिभा का आंकलन करने, आत्म विश्वास में वृद्धि करने, छिपी हुई प्रतिभा को निखारने हेतु, उपयुक्त जानकारी देते हुये अनेक कार्यक्रम, प्रतियोगितायें, समूह चर्चा तथा सेमिनार इत्यादि का आयोजन किया गया। साथ ही अनुशासन, तहजीब, व्यवहार में विनम्रता व सहयोग की भावना, जीवन मूल्यों के प्रति आस्था एवं सकारात्मक सोच हेतु प्रेरित किया जाता हैं।

इस प्रकार पठन–पाठन से संबधित ऑनलाइन शिक्षण तथा परीक्षा संबधित समस्याओं व अन्य किसी भी प्रकार की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास करते हुये बहुमुखी विकास हेतु मार्गदर्शन द्वारा छात्रायें प्रगति के पथ पर अग्रसर हों, इस उद्देश्य हेतु सभी शिक्षक प्रयासरत रहते हैं।

डा0 निर्मला यादव
(प्राचार्या / अध्यक्षा)
Principal
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad

डा0 निष्ठा शर्मा
(असि0प्रो0 संगीत विभाग)
कोर्डिनेटर